वीयू – रेबीज डे के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अंतर्गत एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. तोमर के नेतृत्व में पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, द्वारा के पशु जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग जबलपुर के विभाग अध्यक्ष एवं विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणविजय सिंह, सह प्राध्यापक डॉ. भावना गुप्ता एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि कुलेश द्वारा सेंट एलायसियस कॉलेज के प्राणी शास्त्र विभाग के छात्र–छात्राओं को विश्व रेवीज़ दिवस 28 सितंबर के अवसर पर **"कुत्तों तथा इंसानों में व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से रेबीज़ प्रबंधन"** विषय पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र शासन की पहल – 2030 तक रेबीज का उन्मूलन करने हेतु लोगों में रेबीज़ के बचाव के बारे में जानकारी पहुंचाना था।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राणीशास्त्र विभाग की प्रमुख, प्रियंका सिन्हा एवं अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर